## गुस्ताखी माफ



टीम ही नहीं जब वहां, अपनी प्यारे लाल।
बेगानी में किस लिए, रहे भांगड़े डाल।
रहे भांगड़े डाल, नहीं जब टीम हमारी।
फीफा की फिर तुम्हें, लगी कैसे बीमारी।
कह साहिल कविराय, नहीं अच्छी मनमानी।
दीवाना क्यों हुआ, अरे शादी बेगानी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 152 | FRIDAY 12-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# 'लक्जरी मार्केट' की आढ़ में एक बार फिर मल्हार रोड पर सूए की जमीन पर करोड़ों का खेल!

## किस बाहुबली की संरक्षण में खड़ा हो रहा अवैध प्रोजेक्ट ?




मल्हार रोड पर बन रहा कमर्शियल प्रोजेक्ट




सुए पर बनी हीरो बेकरी दो बार हो चुकी सील

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/11 जून। लुधियाना की पॉश सड़कों में से एक मल्हार रोड पर लोगों द्वारा कब्जा रखी करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर एक बार फिर से अवैध कमर्शियल मार्केट का निर्माण होने जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सालों से सरकारी जमींन पर सरेआम किए कब्जों को निगम छुड़वा नहीं सका और उल्ट नई इमारत बनाने के परमिशनें दे डाली। निगम जोन-डी की बिल्डिंग ब्रांच पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

मल्हार रोड पर लोगों द्वारा कब्जाई सरकारी जमीनों में से एक जमीन सरुप कौर नामक महिला ने कब्जाई थी। जहां पर अब नामी गारमेंट कंपनी रॉयलिस्टा द्वारा द लग्जरियस सेंट्रम बाय रॉयलिस्टा नामक कमर्शियल प्रोजेक्ट लाया जा रहा है। जिसका निर्माण शुरू हो चुका है। यह प्रोजेक्ट इललीगल हीरो बेकरी के एकदम साथ बन रहा है।

निगम अवैध हीरो बेकरी से कब्जा छुड़वा नहीं सका, बल्कि उसके बगल में ही नया निर्माण शुरू करवा डाला। चर्चा है कि निगम द्वारा इस प्रोजेक्ट का नक्शा भी पास कर दिया है। हैरानी की बात तो यह है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का न तो नक्शा पास हो सकता है और न ही वहां किसी प्रकार का निर्माण हो सकता है। चर्चा है कि कुछ भ्रष्ट अफसरों ने अंदरखाते सेटिंग करके यह निर्माण शुरू कराया है। आखिर निगम कब तक ऐसे अवैध निर्माण करवाता रहेगा।

### इसी रास्ते से गुजरते अधिकारी, फिर भी नहीं पड़ी नजर

चर्चा है कि कई अधिकारी अब यह कहकर पल्ला झाड़ने में लगे हैं कि उन्हें इस प्रोजेक्ट की जानकारी नहीं है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि ज्यादातर अधिकारी इसी रास्ते से होकर निगम जोन-डी जाते हैं, फिर भी उन्हें यह दिखाई नहीं दिया। वहीं सरेआम बन रहा यह प्रोजेक्ट आम जनता को दिख रहा है, लेकिन अफसरों के सामने शायद गायब हो जाता है।

### क्या अब निगम लेगा एक्शन

किसी भी कमर्शियल इमारत को बनाने के लिए हाउसलेन छोड़ना जरुरी होती है। लेकिन उक्त इमारत में हाउसलेन भी नहीं छोड़ी जा रही। हालांकि मल्हार रोड पर सभी शोरुम बिना हाउसलेन के अवैध तरीके से बने हैं। निगम उन शोरुमों को पुराना बताकर पल्ला झाड़ लेता है। मगर अब तो नई ईमारत बन रही है। देखना होगा कि क्या निगम इस पर कार्रवाई करेगा या नहीं। उक्त प्रोजेक्ट मालिक ने तो पक्खोवाल रोड की तरफ शोरुम बनाया है।

### नामी ब्रांड के खुलेगें शोरुम, पार्किंग की सुविधा नहीं

चर्चा है कि इस कमर्शियल प्रोजेक्ट में बड़े बड़े स्टोर बनाए जा रहे हैं। जिन्हें ब्राडेंड कंपनियों को किराए पर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट में पार्किंग के लिए अवैध कब्जाई जमीन का हिस्सा छोड़ा गया है। जबकि बाकी जमीन पर इमारत बन रही है। हालांकि देखा जाए तो यह पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।

### दो बार सील हुई हीरो बेकरी भी है इललीगल

बता दें कि हीरो बेकरी का ज्यादातर हिस्सा सुए पर बना हुआ है। जिसके चलते हीरो बेकरी का अगर अवैध कब्जा छुड़वाया जाए तो वहां शटर लगाने तक की लीगल जगह नहीं बचेगी। निगम ने दो बार कोर्ट के आदेशों पर उक्त बेकरी को सील किया, लेकिन फिर खोल दिया गया है। अगर हीरो बेकरी गलत है, तो फिर उसके साथ लगती इमारत कैसे लीगल हो सकती है। अगर बेकरी अवैध नहीं है तो दो बार सील क्यों किया गया।

### चीफ जस्टिस दे चुके कार्रवाई के आदेश

दरअसल, मल्हार रोड पर गुरदेव नगर की साइड सुआ गुजरता था। लेकिन कुछ लोगों ने सुए की जमीन पर कब्जा कर लिया। फिरोजपुर रोड की तरफ से मल्हार रोड 120 फीट चौड़ी है, जबकि हीरो बेकरी तक 90 फीट रह जाती है। सिटी मॉल से लेकर हीरो बेकरी तक सभी बिल्डिंग मालिकों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। जिस जगह यह लग्जरी कमर्शियल प्रोजेक्ट बन रहा है, वहां भी 30 से 40 फीट सरकारी जमीन कब्जा रखी है। यह बात निगम अधिकारी अच्छे से जानते हैं। वहीं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूयाकांत साल 2006 में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जस्टिस थे। उनकी ओर से इन अवैध कब्जों को हटाने के आदेश दिए थे, जो ऑर्डर आज भी बरकरार है। मगर निगम अधिकारी कार्रवाई करने में ढील कर रहे हैं।



### *ईमानदार कमिश्नर को बदनाम करने का प्रयास ?*

*बता दें कि लुधियाना निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता द्वारा चार्ज संभालने के बाद भ्रष्टाचार पर एक्शन लिया। उन्होंने विदाउट कमीशन ठेकेदारों की पेमेंट रिलीज कर दी। जिसके बाद उनकी छवि ईमानदार अफसर के रुप में उभरकर सामने आई। लेकिन उनके कार्यकाल में इस तरह अवैध निर्माण हो रहे है। जिसके चलते शहर में चर्चा है कि कहीं ये अफसरों की कमिश्नर को बदनाम करने की कोई चाल तो नहीं है।*

### *यह निर्माण पूरी तरह से इललीगल*



*मल्हार रोड पर अवैध कब्जे की लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे एडवोकेट जे.एस. सिद्धू ने कहा कि यह निर्माण पूरी तरह से इललीगल है। सरुप कौर नामक महिला ने पहले यह जमीन कब्जाई थी, अब वहां मार्केट बन रही है। लेकिन अवैध निर्माण होने नहीं दिया जाएगा, बल्कि पहले से हुए निमार्णो पर भी कोर्ट के जरिए कार्रवाई करवाई जाएगी।*

# 2026 उद्योगों के लिए सबसे मुश्किल साल, कच्चे माल से लेकर मजदूरों तक हर मोर्चे पर संकट – राहुल आहूजा



लुधियाना/यूटर्न/11 जून। वैश्विक अस्थिरता, लगातार बढ़ती कच्चे माल की कीमतें, महंगा ईंधन, श्रमिकों की कमी और सरकारी नीतियों में अनिश्चितता ने उद्योग जगत की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उद्योगपति एवं कारोबारी राहुल आहूजा का कहना है कि वर्ष 2026 उद्योगों के लिए अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण साल साबित हो रहा है। राहुल आहूजा ने कहा कि पहले उद्योगों के सामने एक समय में एक समस्या आती थी, लेकिन इस बार कई संकट एक साथ खड़े हो गए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का असर अभी पूरी तरह खत्म भी नहीं हुआ था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात ने वैश्विक सप्लाई चेन को फिर प्रभावित कर दिया है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के खरीदार अनिश्चितता के कारण स्टॉक रखने से बच रहे हैं। पहले जो ग्राहक 10 लाख डॉलर का ऑर्डर देता था, अब वह जोखिम कम करने के लिए छोटा ऑर्डर दे रहा है। इसका सीधा असर उत्पादन और कारोबार पर पड़ रहा है।



### 5 महीनों में 65 प्रतिशत महंगा हुआ एल्युमिनियम

- राहुल आहूजा ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि उद्योगों के लिए सबसे बड़ी चिंता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि दिसंबर में एल्युमिनियम की कीमत करीब 200 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 375 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। मात्र पांच महीनों में करीब 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी को बाजार के लिए झेल पाना बेहद मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब किसी ग्राहक को पहले से तय कीमत पर माल देने का वादा किया जाता है, तब तक उत्पादन लागत में भारी बदलाव आ जाता है। ऐसे में न तो लागत का सही अनुमान लग पाता है और न ही मुनाफे का।

### बढ़ी मजदूरी, फिर भी श्रमिकों की भारी कमी

- उद्योगपति ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी बढ़ना गलत नहीं है, क्योंकि श्रमिक मेहनत करते हैं और बेहतर वेतन के हकदार हैं। लेकिन जब पहले से ही उद्योग कई संकटों का सामना कर रहे हों, तब एक साथ बढ़ते खर्च परेशानी को और बढ़ा देते हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में लगभग हर उद्योग 20 से 25 प्रतिशत तक श्रमिकों की कमी से जूझ रहा है। श्रमिक उपलब्ध न होने के कारण समय पर माल की डिलीवरी देना भी मुश्किल हो गया है।

### सब्सिडी वापस लेने से निवेशकों का भरोसा डगमगाया

- राहुल आहूजा ने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी और प्रोत्साहन योजनाओं को बीच में बदलना या वापस लेना निवेशकों के विश्वास को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि उद्योगपति अपनी निवेश योजनाएं सरकारी नीतियों और घोषित लाभों को ध्यान में रखकर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कोई वादा करती है तो उसे पूरा करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बना रहता है और नए निवेश को भी बढ़ावा मिलता है।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जमीन पर दिखना चाहिए

- आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राहुल आहूजा ने कहा कि किसी भी सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य उद्योगों के लिए कारोबार करना आसान बनाना होना चाहिए। उन्होंने माना कि सरकार ने कई प्रक्रियाओं को सरल बनाने की कोशिश की है, लेकिन इसका लाभ अभी भी जमीनी स्तर तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को ऐसे स्पष्ट नियम और मानक संचालन प्रक्रियाएं (SOPs) लागू करनी चाहिए, जिससे 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' केवल कागजों तक सीमित न रहे बल्कि उद्योगों को वास्तविक राहत भी मिले।

### *'मुनाफा हो रहा है या नुकसान, समझना मुश्किल'*

- *राहुल आहूजा ने कहा कि मौजूदा हालात में उद्योगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती लागत का सही आकलन करना है। कच्चे माल, परिवहन, ईंधन और श्रम लागत में लगातार हो रहे बदलावों के कारण कई बार यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि उद्योग मुनाफे में हैं या नुकसान में। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत फिलहाल बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है और सरकारों को उद्योगों की चिंताओं को गंभीरता से सुनकर समाधान निकालने की जरूरत है।*

# CSIR-IMTech को मिली पहली महिला निदेशक; चंडीगढ़ में संभाला पदभार, जानें कौन हैं डॉ. अलका राव

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी (सीएसआईआर-इमटेक) को स्थापना के 42 वर्ष बाद महिला निदेशक मिली हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अलका राव ने वीरवार को संस्थान की पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदभार संभाल लिया।

वह इस प्रतिष्ठित संस्थान का नेतृत्व करने वाली पहली महिला वैज्ञानिक बन गई हैं। उन्होंने डॉ. सौविक मैती का स्थान लिया है, जो मार्च 2026 से अतिरिक्त प्रभार के रूप में निदेशक की जिम्मेदारी निभा रहे थे। दो दशक से अधिक के शोध अनुभव वाली डॉ. अलका राव इससे पहले मार्च 2024 से प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली स्थित भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) में विज्ञान, मानक एवं विनियमन प्रभाग की सलाहकार के रूप में कार्यरत थीं। वहां उन्होंने खाद्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, नियामकीय ढांचे और अंतरराष्ट्रीय नीतिगत समन्वय में अहम भूमिका निभाई। प्रोटीन इंजीनियर और मॉलिक्यूलर माइक्रोबायोलॉजिस्ट के रूप में पहचान रखने वाली डॉ. राव ने भारत सरकार की ओर से कोडेक्स एलीमेंटेरियस कार्यकारी समिति में 24 एशियाई सदस्य देशों का दो बार प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2024 से वह कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सैनिटरी एवं फाइटोसैनिटरी (एसपीएस) मामलों के लिए भारत की राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी भी रही हैं। इन जिम्मेदारियों के तहत उन्होंने वैश्विक खाद्य मानकों के निर्धारण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रोटोकॉल के अनुरूप



भारत की वैज्ञानिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में योगदान दिया। सीएसआईआर-इमटेक में उनके शोध समूह ने दुर्लभ बैक्टीरियल ग्लाइकोएंजाइम की खोज में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी टीम ने बैक्टीरियल एंजाइम की मदद से प्रोटीन और पेप्टाइड्स के एस-डाइग्लाइकोसाइलेशन की नई एंजाइमिक विधियां विकसित की हैं, जिनका उपयोग खाद्य संरक्षण, एंटीबायोटिक प्रतिरोध प्रबंधन और औद्योगिक एंजाइम उत्पादन जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। डॉ. अलका राव ने इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी), नई दिल्ली से पीएचडी की है। उनके नाम 60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हैं, जबकि 15 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट भी दर्ज हैं। उन्होंने कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। वर्ष 2023 में उन्हें सीएसआईआर के प्रतिष्ठित 'वूमेन साइंटिस्ट अचीवर' सम्मान से भी नवाजा गया था। प्रयोगशाला के बाहर भी डॉ. राव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय समेत कई सरकारी निकायों की सलाहकार के रूप में सेवाएं दे रही हैं। विज्ञान शिक्षा को समावेशी बनाने की दिशा में वह सीएसआईआर के जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत भारतीय सांकेतिक भाषा आधारित वर्चुअल लैब (आईएसएलईवीएल) परियोजना का भी नेतृत्व कर रही हैं, जिसका उद्देश्य श्रवण बाधित विद्यार्थियों तक विज्ञान शिक्षा पहुंचाना है। डॉ. राव के पास वैज्ञानिक अनुसंधान, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और नियामकीय अनुभव का अनूठा संगम है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में सीएसआईआर-इमटेक वैश्विक सहयोग को नई गति देगा, अनुप्रयुक्त शोध को बढ़ावा मिलेगा और वैज्ञानिक समुदाय तथा नीति-निर्माताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India


पेज 06 सनातन धर्म मंदिर लोहगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा...




# सीपी ऑफिस बाहर मंदिर समर्थकों का प्रदर्शन, थाने से आरोपी भगाने वालों पर फिर एक्शन नहीं, समाजसेवी किए जा रहे बदनाम

## प्रदर्शन के दौरान आप और कांग्रेसी लीडर दिखे एकजुट

लुधियाना/यूटर्न/11 जून। लुधियाना में पिछले दिनों के दौरान होजरी कारोबारी साहिल व प्रदूमन मल्होत्रा पर दर्ज हुए ठगी और कॉपी राइट एजेंट चेतन बवेजा पर दर्ज चोरी के मामले लगातार तूल पकड़ रहे हैं। दो दिन पहले आरोपी पक्ष के समर्थकों ने सीपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं एक दिन पहले पीड़ित पक्ष प्रतीक टंडन द्वारा प्रैस कांफ्रेस की गई। इसी तर्ज पर वीरवार को मां बगलामुखी मंदिर के समर्थकों ने सीपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि साहिल, प्रदूमन मल्होत्रा और चेतन बवेजा के हक में सीपी ऑफिस पहुंचे भाजपा पार्षद के पति जतिंदर गोरियान, कुछ महिलाओं समेत कई लोगों ने मां बगलामुखी मंदिर के मुखी महंत प्रवीन चौधरी पर रिश्वत समेत कई तरह के आरोप लगाए। यह सभी आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि ऐसे संतों का नाम बीच में लाकर जानबूझकर मामले को तूल देने की कोशिश की जा रही है। जिससे हमारी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई होना जरुरी है। इस संबंधी एफआईआर दर्ज करने के लिए एडिशनल कमिश्नर रुपिंदर सिंह को शिकायत दी गई है। वहीं देखा जाए तो इस मामले में सामाजिक लोगों के दामन पर भी दाग लगने शुरू हो चुके हैं।



### आप व कांग्रेसी दिखे एकजुट

इस प्रदर्शन में आप और कांग्रेस पार्टी के लीडर एकजुट दिखे। प्रदर्शन में आप के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू और कांग्रेस से ममता आशु पहुंचे। उनका कहना था कि यह प्रदर्शन मां बगलामुखी मंदिर, हिंदू धर्म और महंत प्रवीन चौधरी के खिलाफ अपशब्द बोलने पर किया जा रहा है। धार्मिक मामलों में कोई राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि सभी एक हैं।

### थाने से आरोपी भगाने वालों पर कार्रवाई नहीं

प्रतीक का आरोप है कि जब ठगी के मामले में साहिल और प्रदूमन को दिल्ली से गिरफ्तार कर थाना दरेसी लाया गया था तो उन्होंने एसएचओ से उनकी दस्तावेजों में गिरफ्तारी डालने को कहा था। लेकिन गिरफ्तारी नहीं डाली। चेतन बवेजा और जतिंदर गोरियान द्वारा पहले थाने में जाकर एसएचओ से मीटिंग की थी। फिर दोबारा आए और साहिल व प्रदूमन को लेकर फरार हो गए। जिसके सभी सबूत उनके पास है। हैरानी की बात तो यह है कि इतने दिन बीतने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई।

# लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मिली और मजबूती

## दीवान और जगसीर ने हल्का पश्चिम के नए ब्लॉक चेयरमैनों को नियुक्ति पत्र सौंपे



लुधियाना/यूटर्न/11 जून। लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एडवोकेट राहुल पुहाल की मौजूदगी में, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पवन दीवान और सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के कार्यालय प्रभारी जगसीर सिंह सिद्धू ने लुधियाना ब्लॉक-1 से रूपेश चौटाला तथा ब्लॉक-2 से कमलजीत सिंह को ब्लॉक चेयरमैन नियुक्त कर नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर एडवोकेट राहुल पुहाल ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त चेयरमैन संगठन को मजबूत करने और समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

पवन दीवान और जगसीर सिंह सिद्धू ने भी दोनों नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेता पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

नव-नियुक्त ब्लॉक चेयरमैन रूपेश चौटाला और कमलजीत सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पित होकर काम करने का भरोसा दिया।

इस मौके पर हरजिंदर सिंह हैप्पी लाली, हरविंदर सिंह, अखलेश शर्मा, सागर दुबे और विनय सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए समाज को एकजुट होना होगा - रविनंदन शर्मा/ प्रवीण डंग

लुधियाना/यूटर्न/11 जून। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम, शंकराचार्य नगर में साप्ताहिक संध्या चौंकी का भव्य आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर श्री बालाजी महाराज के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संध्या चौंकी के अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक हीरा सौमी एंड पार्टी (चंडीगढ़) ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी हैबोवाल कुलवंत कौर, हिंदू न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रवीण डंग, मानिक डंग, श्री सिद्धि विनायक मंदिर के प्रधान रविनंदन शर्मा, पार्षद रोहित सिक्का सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु विशेष रूप से श्री बालाजी दरबार में नतमस्तक हुए। कार्यक्रम के दौरान श्री सालासर धाम एवं मेहंदीपुर धाम के पावन छिटे श्रद्धालुओं पर दिए तथा श्री बालाजी महाराज के दरबार के समक्ष पवित्र ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर हिंदू न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रवीण डंग ने कहा कि माथे पर लगाया जाने वाला तिलक केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि सनातनी पहचान, आस्था और गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर सैक्ट्री सौरव जैन, सोमनाथ मड़कन, ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविंद टिल्लू, नरिंदर नथानी, राहुल हांडा, संदीप पब्बी, अमित कपूर, सतीश डंग, रोहित डंग, पुनीत शर्मा, संदीप धमीजा, भारती सोनी, वेद लूथरा, अनिल जैन, गीतान्श गांधी, देवांश जैन, अश्वनी मग्गू, सन्नी सतीजा, प्रतीक सोहर, विवेक शर्मा, मनीष अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 12 से 16 जून तक ज्यादातर मेडिकल स्टोर रहेंगे बंद, जरूरी दवाएं अस्पतालों के बाहर मिलेंगी




लुधियाना/यूटर्न/11 जून। रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन लुधियाना के आह्वान पर शहर के कुछ हिस्सों में 12 जून से 16 जून तक गर्मियों की छुट्टियों के चलते मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। इस दौरान आम बाजारों में स्थित अधिकांश दवा दुकानों पर ताले लगे रहेंगे। हालांकि, मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए बड़े अस्पतालों, नर्सिंग होम और प्रमुख क्लीनिकों के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। यहां पर जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। एसोसिएशन ने लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक दवाइयों का पहले से ही प्रबंध कर लें, ताकि छुट्टियों के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# जॉर्जिया से भारत लाया गया गैंगस्टर वेंकट गर्ग, एसटीएफ हरियाणा की बड़ी कामयाबी






अजीत झा

पंचकुला/यूटर्न/11 जून। हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात गैंगस्टर वेंकट गर्ग को जॉर्जिया से भारत प्रत्यर्पित करवा लिया है। 11 जून को उसे भारत लाया गया। यह जॉर्जिया से भारत के लिए पहला प्रत्यर्पण माना जा रहा है। साथ ही वर्ष 2026 में STF हरियाणा द्वारा सुनिश्चित किया गया यह 10वां प्रत्यर्पण/डिपोर्टेशन है। एसटीएफ के अनुसार वेंकट गर्ग अंबाला जिले के नारायणगढ़ स्थित चंदना कॉलोनी का रहने वाला है और वह करीब 53 सदस्यों वाले वेंकट गर्ग गैंग का सरगना है। यह गैंग हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, संगठित अपराध और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसी वारदातों में शामिल रहा है। गैंग की गतिविधियां अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और चंडीगढ़ तक फैली हुई थीं।

## 34 मामलों में आरोपी, घोषित अपराधी

पुलिस के मुताबिक वेंकट गर्ग एक घोषित अपराधी है और उसके खिलाफ हरियाणा व चंडीगढ़ में कुल 34 आपराधिक मामले दर्ज हैं। भारत से फरार होने से पहले उसके खिलाफ 23 मामले दर्ज थे। विदेश भागने के बाद भी वह अपने गुर्गों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियां संचालित करता रहा, जिसके चलते उसके खिलाफ 11 और मामले दर्ज हुए। गैंग पर नारायणगढ़ में बसपा नेता हरबिलास की हत्या और अंबाला व यमुनानगर में रंगदारी से जुड़े कई फायरिंग मामलों में शामिल होने के आरोप हैं।

## फर्जी पते पर बनवाया था पासपोर्ट

जांच में सामने आया कि वेंकट गर्ग 10 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भाग गया था। इसके बाद 26 जनवरी 2025 को वह जॉर्जिया पहुंच गया। एसटीएफ की जांच में यह भी पता चला कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर-67 स्थित एक फर्जी पते का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनवाया था। इस संबंध में नारायणगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ की सिफारिश पर 4 फरवरी 2025 को उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया।

## इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी

आरोपी की गिरफ्तारी और भारत वापसी सुनिश्चित करने के लिए एसटीएफ हरियाणा ने कई कानूनी और अंतरराष्ट्रीय कदम उठाए। उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर, इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया। साथ ही उसे घोषित अपराधी घोषित करवाया गया और अदालतों से छह ओपन-डेटेड गिरफ्तारी वारंट भी हासिल किए गए। बाद में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के माध्यम से जॉर्जिया में उसकी मौजूदगी की जानकारी मिलने पर प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की गई।

## भारत-जॉर्जिया सहयोग से मिली सफलता

इस कार्रवाई में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय, नेशनल सेंट्रल ब्यूरो नई दिल्ली, सीबीआई, जॉर्जिया में भारतीय दूतावास तथा कजाकिस्तान में भारतीय दूतावास की अहम भूमिका रही। एसटीएफ ने जॉर्जिया सरकार, वहां की न्यायिक एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों और कजाकिस्तान सरकार का भी सहयोग के लिए आभार जताया है। एसटीएफ हरियाणा ने अंबाला के पुलिस अधीक्षक और उनकी टीम के प्रयासों की भी सराहना की है। एसटीएफ का कहना है कि वेंकट गर्ग का प्रत्यर्पण संगठित अपराध और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता है। एजेंसी भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से फरार अपराधियों को कानून के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मोहाली में 10वीं मंजिल से गिरा बैंककर्मी, मौत, कानों में लगे मिले हेडफोन



खरड़/यूटर्न/11 जून। मोहाली में बैंककर्मी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। टावर नंबर-3 की 10वीं मंजिल से नीचे गिर गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या का मामला है या कोई घटना। लोगों का कहना है कि बैंककर्मी ऊपर से अचानक नीचे गिरा। उसके कानों में हेडफोन लगे हुए थे और पास पिट्ठू बैग पड़ा था। उसके पैरों में केबल वाले तार लिपटते हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान होशियारपुर के रहने वाले विक्रम सिंह के नाम से हुई। वह चंडीगढ़ के सेक्टर-8 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में क्लर्क था। यहां पर अपनी बहन के पास एसबीपीपी नार्थ वैली में आया था। मामला बुधवार रात करीब 12:25 बजे का है। सोसाइटी में अचानक एक जोरदार आवाज सुनाई दी। यह सुनकर स्थानीय निवासी पार्किंग क्षेत्र की ओर पहुंचे। जहां पर शव पड़ा मिला। लोगों ने कहा कि युवक के कानों में हेडफोन लगे हुए थे।

# रामगढ़ में पुलिस ने बिना ई-रवाना बिल व परमिट के खनन सामग्री से भरा टिप्पर पकड़ा



पंचकुला/यूटर्न/11 जून। पंचकूला पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए रामगढ़ क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान खनन सामग्री से भरे एक टिप्पर को बिना वैध ई-रवाना बिल एवं परमिट के कब्जे में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में नियमित गश्त एवं नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान रामगढ़ नाका पर संदिग्ध टिप्पर को जांच के लिए रोका गया। वाहन की जांच के दौरान चालक से खनन सामग्री के परिवहन से संबंधित ई-रवाना बिल एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टिप्पर को कब्जे में लेकर रामगढ़ चौकी में खड़ा करवा दिया। मामले की आगे की कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई के लिए संबंधित माइनिंग विभाग को सूचित कर दिया गया है। इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पंचकूला पुलिस की सभी फील्ड टीमें लगातार सक्रिय हैं और संदिग्ध गतिविधियों व वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन और अवैध खनन गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और माइनिंग विभाग के बीच समन्वय बनाकर आगे भी संयुक्त अभियान जारी रहेंगे ताकि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# पंचकूला पुलिस का नशा विरोधी अभियान 551 क्षेत्रों तक पहुंचा ,3,200 से अधिक नशा पीड़ितों का इलाज शुरू

## 'नॉट वन पफ एवर' अभियान के तहत एलन इंस्टीट्यूट में छात्रों को किया जागरूक

पंचकुला/यूटर्न/11 जून। पंचकूला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान' अभियान लगातार व्यापक प्रभाव छोड़ रहा है। 2 दिसंबर 2024 को शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक जिले के 551 क्षेत्रों में पहुंचकर 34,315 लोगों से संवाद स्थापित किया गया है। अभियान के दौरान 3,535 नशा पीड़ितों की पहचान की गई, जिनमें से 3,258 लोगों का उपचार शुरू करवाया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से नशे की लत से पीड़ित 190 लोगों को सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल की टीम के सहयोग से



नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाकर उपचार उपलब्ध कराया गया है। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन, डीसीपी सृष्टि गुप्ता और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में अभियान को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने में कक्षा 12वीं के छात्र वंदित अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पिछले करीब 500 दिनों से वह शिक्षण संस्थानों, नशा मुक्ति केंद्रों और विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उनका कहना है कि नशे की लत से बाहर आने के संघर्ष से बेहतर है कि युवा इस रास्ते पर कदम ही न रखें।

इसी क्रम में गुरुवार को वंदित अग्रवाल पंचकूला पुलिस टीम के साथ सेक्टर-14 स्थित एलन इंस्टीट्यूट पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अकादमिक दबाव के कारण कई छात्र गलत रास्तों की ओर भटक जाते हैं, लेकिन नशा किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि नशा एक बीमारी है, अपराध नहीं, जबकि नशा बेचना अपराध है। नशे की लत से जूझ रहे लोग बिना किसी डर के आगे आएं, उनका निशुल्क उपचार करवाया जाएगा।



पेज 12 ओमान तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले...

## मोदी सरकार के 12 साल: सेवा से विकसित भारत तक : जतिंदर पाल मल्होत्रा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय कमलम, सेक्टर-33 में आयोजित पत्रकार वार्ता को भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि रावत, प्रदेश सचिव मीनाक्षी ठाकुर एवं प्रदेश सचिव मनीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, बुनियादी ढांचे के अभूतपूर्व विकास और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के परिणामस्वरूप पिछले वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल हुए हैं। मल्होत्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) को मजबूत बनाया। सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाई गई, जिससे लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया तथा लगभग 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचाए गए। जन धन योजना के अंतर्गत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर से लेकर आज तक 81 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 60 करोड़ से अधिक हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा की गारंटी मिली है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से 58 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर देश में स्वच्छता की नई क्रांति लाई गई है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से 74 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुद्रा योजना के अंतर्गत 57 करोड़ से अधिक बिना गारंटी ऋण वितरित किए गए हैं, जबकि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से लाखों पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को लाभ पहुंचाया गया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर सेक्टर-16 अस्पताल में रक्तदान शिविर, 53 यूनिट रक्त एकत्रित

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय बहुविशेषज्ञ अस्पताल, सेक्टर-16, चंडीगढ़ के ब्लड सेंटर में गुरुवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 53 यूनिट रक्तदान किया। विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को स्वैच्छिक एवं निःशुल्क रक्तदाताओं के जीवनरक्षक योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष अभियान की थीम 'मानवता की एक बूंद - रक्तदान करें, जीवन बचाएं' रखी गई है।



माहभर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविरों में अब तक कुल 232 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। शिविर का उद्घाटन यूटी चंडीगढ़ की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने किया। उन्होंने नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर एनीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त भंडार बनाए रखने हेतु स्वैच्छिक रक्तदान और सामुदायिक सहभागिता से नियमित रक्तदान शिविरों का आयोजन आवश्यक है।

# लू (हीट वेव) को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## जून माह के दौरान लू का खतरा सबसे अधिक होता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए – डॉ. मनदीप कमल

होशियारपुर/यूटर्न/11 जून। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि तथा हीट वेव (लू) की संभावना को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग होशियारपुर द्वारा आम जनता के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने तथा लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की अपील की है।



सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल ने बताया कि जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तो उसे हीट वेव की स्थिति माना जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की प्राकृतिक तापमान नियंत्रण प्रणाली प्रभावित हो सकती है और व्यक्ति लू अथवा गर्मी से संबंधित अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि जून माह के दौरान लू का खतरा सबसे अधिक रहता है, इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होना, चक्कर आना, बेहोशी या भ्रम की स्थिति, त्वचा का सूखा एवं लाल हो जाना, तेज सिरदर्द, उल्टियां आना, हृदय गति का तेज होना, सांस लेने में कठिनाई तथा मांसपेशियों में कमजोरी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क करना चाहिए।

इस संबंध में सिविल अस्पताल होशियारपुर की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा पाल ने बताया कि हीट वेव की स्थिति से निपटने के लिए सिविल अस्पताल होशियारपुर में 6 बिस्तरों वाला विशेष हीट स्ट्रोक वार्ड स्थापित किया गया है।

इस वार्ड में आवश्यक दवाइयां, शीतलन संबंधी व्यवस्थाएं, आई.वी. फ्लूइड तथा अन्य जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके अतिरिक्त अस्पताल में ओ.आर.एस. कॉर्नर भी स्थापित किया गया है ताकि गर्मी और डिहाइड्रेशन से प्रभावित लोगों को तुरंत राहत प्रदान की जा सके।

### इन लोगों को अधिक खतरा

नवजात एवं छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, मजदूर, मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति, मानसिक रोगी, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अनियंत्रित मधुमेह, गुर्दे अथवा यकृत रोग से पीड़ित मरीज तथा अधिक शराब का सेवन करने वाले व्यक्ति हीट वेव के अधिक खतरे में रहते हैं। धूप में लंबे समय तक कार्य करने वाले मजदूरों तथा खिलाड़ियों को भी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### क्या न करें

- दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक बिना आवश्यकता धूप में बाहर न जाएं।
- अत्यधिक गर्मी के दौरान रसोई में लंबे समय तक कार्य करने से बचें।
- शराब, चाय, कॉफी, काबोर्नेटेड एवं अत्यधिक मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन न करें।
- तले-भुने एवं भारी भोजन के सेवन से बचें।
- बच्चों, बुजुर्गों तथा पालतू जानवरों को बंद खड़ी गाड़ी में कभी न छोड़ें।
- ठंडी जगह से अचानक तेज धूप में न निकलें तथा अत्यधिक ठंडा पानी तुरंत न पिएं।

### क्या करें

- हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें।
- सिर को टोपी, छतरी, पगड़ी, दुपट्टे अथवा कपड़े से ढककर रखें।
- बाहर जाते समय अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें।
- नींबू पानी, लस्सी, छाछ, नारियल पानी एवं ओ.आर.एस. का अधिक सेवन करें।
- तरबूज, खीरा, टमाटर, संतरा, अंगूर एवं अन्य मौसमी फलों का सेवन बढ़ाएं।
- धूप में कार्य करते समय समय-समय पर छाया में विश्राम करें।
- सनस्क्रीन तथा गहरे रंग के चश्मों का उपयोग करें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि जारी की गई एडवाइजरी का पालन करते हुए स्वयं तथा अपने परिवार को हीट वेव के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखें। किसी भी प्रकार के गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क करें।

# भीषण गर्मी में पंचकूला ट्रैफिक पुलिस की पहल, राहगीरों के लिए लगाई नींबू पानी की छबील

पंचकूला/यूटर्न/11 जून। भीषण गर्मी के बीच पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए चंडीमंदिर टोल प्लाजा के समीप स्थित सूरजपुर ट्रैफिक थाना के बाहर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए नींबू पानी की छबील और प्रसाद भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडे नींबू पानी और प्रसाद का सेवन किया। कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह स्वयं लोगों को प्रसाद और नींबू पानी वितरित करते नजर आए। उनके साथ सिटी ट्रैफिक थाना प्रभारी वरिंद्र कुमार, सूरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने भी सेवा कार्य में भाग लिया। राहगीरों और वाहन चालकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनहित कार्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास और जुड़ाव को मजबूत करते हैं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस आमजन की सुरक्षा, सुविधा और सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।





## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या सास-ससुर से भी Maintenance मांगा जा सकता है?**

भरण-पोषण (Maintenance) के मामलों में अक्सर यह सवाल पूछा जाता है कि यदि पति आर्थिक सहायता नहीं दे रहा, तो क्या पत्नी अपने सास-ससुर से Maintenance मांग सकती है? सामान्य नियम यह है कि पत्नी के भरण-पोषण की प्राथमिक कानूनी जिम्मेदारी पति की होती है। इसलिए Maintenance के अधिकांश दावे पति के विरुद्ध ही किए जाते हैं। हालांकि, कुछ विशेष परिस्थितियों में अलग-अलग कानूनों के तहत सास-ससुर की संपत्ति, निवास अधिकार (residence rights) या अन्य मुद्दे सामने आ सकते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हर मामले में सास-ससुर पर सीधे Maintenance देने की कानूनी जिम्मेदारी आ जाती है। उदाहरण के लिए, यदि पति की मृत्यु हो चुकी है, या कुछ विशेष पारिवारिक परिस्थितियां हैं, तो अलग कानूनी प्रश्न उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसे मामलों का निर्णय संबंधित व्यक्तिगत कानूनों और तथ्यों के आधार पर किया जाता है।

यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि Residence Rights और Maintenance Rights अलग-अलग कानूनी अवधारणाएं हैं। कई बार लोग दोनों को एक ही समझ लेते हैं। अदालत प्रत्येक मामले में यह देखती है कि कानूनी जिम्मेदारी किसकी है, आर्थिक स्थिति क्या है, और संबंधित कानून क्या प्रावधान करता है। कई लोगों की यह धारणा होती है कि विवाह के बाद पति के पूरे परिवार पर maintenance की जिम्मेदारी आ जाती है, जबकि कानून सामान्यतः ऐसा नहीं मानता।

निष्कर्ष: सामान्यतः पत्नी के Maintenance की जिम्मेदारी पति की होती है। सास-ससुर के संबंध में अधिकार और दायित्व परिस्थितियों तथा लागू कानून पर निर्भर करते हैं। इसलिए प्रत्येक मामले का मूल्यांकन उसके तथ्यों के आधार पर किया जाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### कर्म ही भाग्य है

मनुष्य के जीवन में कर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह कहावत - ₹कर्म ही भाग्य है₹ - हमें यह सिखाती है कि हमारा भविष्य हमारे द्वारा किए गए कर्मों पर निर्भर करता है, न कि केवल किस्मत पर। प्राचीन ग्रंथों और महापुरुषों ने भी कर्म को सर्वोपरि बताया है। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है, ₹कर्म किए जा, फल की चिंता मत कर।₹ इसका अर्थ यही है कि यदि हम अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कुछ लोग भाग्य के भरोसे बैठ जाते हैं और मेहनत नहीं करते। वे यह सोचते हैं कि अगर किस्मत में होगा तो मिलेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि बिना परिश्रम के कुछ भी प्राप्त नहीं होता। किसान जब खेत में मेहनत करता है, तभी फसल उगती है। विद्यार्थी जब मन लगाकर पढ़ाई करता है, तभी अच्छे अंक प्राप्त करता है। इसलिए, हमें कभी भी भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। हमें निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। कर्मशील व्यक्ति ही अपने जीवन को सफल और समृद्ध बना सकता है। सच तो यही है कि हमारा कर्म ही हमारा सच्चा भाग्य होता है।

# सनातन धर्म मंदिर लोहगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा में हुआ रुक्मणी-कृष्ण विवाह प्रसंग का वर्णन





जीरकपुर/यूटर्न/11 जून। अग्रवाल वैश्य समाज जीरकपुर-डेराबस्सी की ओर से श्री सनातन धर्म मंदिर लोहगढ़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह के दौरान बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित चंद्र प्रकाश ठाकुर महाराज ने रुक्मणी-कृष्ण विवाह की कथा सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का आनंद लिया और माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केबीडी ग्रुप के रमेश गोयल और संजीव गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान कृष्ण गर्ग, महासचिव आनंद अग्रवाल, नरेश मित्तल, विजय जिंदल, सुशील गर्ग सहित समाज की पूरी टीम ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 11 जून तक जारी रहेगा। इसके बाद 12 जून को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ और सुबह 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 12 जून के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनी सिंगला, प्रेमचंद बंसल, सज्जन अग्रवाल और एनआर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। समाज के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# हर मोर्चे पर फेल हुई आप सरकार को लोगों ने नकारा/ तीक्ष्ण सूद

## रोहित धीर ( मोनू ) द्वारा करवाये शक्ति प्रदर्शन में शामिल हुए भाजपा नेता






दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/11 जून। होशियारपुर शहर के वार्ड न.22 में रोहित धीर ( मोनू ) द्वारा महाराजा रणजीत सिंह नगर में आयोजित की गई विशाल जन सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद विशेष तौर पर शामिल हुए इस अवसर पर उनके साथ अन्य भाजपा नेता पूर्व मेयर शिव सूद ,उपाध्यक्ष सतीश वावा ,जिला महामंत्री सुरेश भाटिया बिटटू ,बिन्दुसार शुक्ला ,संजू अरोड़ा ,हरभजन पाल ,सुरजीत कुमार ,अनिल ठाकुर,हरीश घोंसला ,केवल सिंह आदि उपस्थित थे इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री की ओर से जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा के यह जन सभा आगामी नगर निगम चुनावों के मद्दे नजर बुलाई गई थी। इस मौके पर श्री तीक्षण सूद तथा अन्य भाजपा नेताओं अपने संबोधन में कहा की आप सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है तथा पंजाब के लोगो ने इसे बुरी तरह नकार दिया है ।सेहत क्रांति तथा 16 मेडिकल कॉलेज बनाने की डींगे हाकने वालो द्वारा अभी तक एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया।

इनकी नलाइकी के कारण केंद्र सरकार द्वारा होशियारपुर के मेडिकल कॉलेज के लिए दी गई राशि भी वापिस मंगवा ली गई। दस लाख रु के मुफ्त उपचार के प्रचार में फंस कर कार्ड बनाने वाले लोगो को कहीं इलाज मुफ्त नहीं मिल रहा। उल्टा वह आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी खो बैठे है। हस्पतालों में डॉक्टरो ,स्कूलों में अध्यापकों के 50 %से अधिक पद खाली पड़ें है। पंजाब में गैंगस्टरों का गुंडा राज चल रहा है ,उसे रोकने के लिए पुलिस निदोषी को थाने में बुलाकर छानबीन करने के वहाने तंग कर रही है सरकारी संरक्षण में वेहिसाब अवैध माइनिंग चल रही है नशे के कारन नौजवानी बरबाद हो रही है परंतु सरकार को झूठी इश्तिहारबाजी के सिवाए कुछ नहीं सूझता। उन्होने कहा कि होशियारपुर में जितना विकास हुआ है भाजपा की सरकार तथा नगर निगम के दौरान हुआ है। पिछले 9 वर्षो से होशियारपुर निवासी विकास भूख से तड़फ रहे है सरकार द्वारा नगर निगम को कोई फंड नहीं दिया गया। आप के विधायक नगर निगम के फंडो के नींव पत्थर तथा उदघाटन रख कर लोगो को बुद्धू बना रहे है। उन्होंने कहा की भाजपा के हर कार्यक्रम में हर जगह भारी भीड़ जुटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले नगर निगम में जनता फिर से भाजपा को बहुमत देकर भाजपा का मेयर बनाएगी ताकि उनका शहरी विकास का सपना पूरा हो सके।

# जापानियों की बेरुखी के बावजूद जीतो महिला विंग का चौथा अंतरराष्ट्रीय जापान विकेशन टूर सफलतापूर्वक संपन्न

## धन्ना सेठ बोले : 'अंत भला तो सब भला' , प्रतिष्ठित घरानों से 37 महिलाओं ने संजोईं यादें !
















लुधियाना/यूटर्न/11 जून। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाईजेशन (JITO) के महिला विंग द्वारा आयोजित चौथा अंतरराष्ट्रीय जापान वेकेशन टूर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है और सभी 37 प्रतिभागी महिलाएं सकुशल अपने घर लौट आई हैं। हालांकि यात्रा के दौरान जापान में एक शॉपिंग स्टोर पर हुई गलतफहमी (मिसअंडरस्टैंडिंग) तथा स्थानीय प्रशासन की कथित उदासीनता और व्यवस्थाओं की कमी के चलते कुछ समय के लिए महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। इस घटना ने टूर में शामिल धन्ना सेठ परिवारों के सदस्यों के दिलों की धड़कने बढ़ा दी थीं।

हालांकि JITO परिवार ने एकजुटता, गरिमा और आत्मसम्मान का परिचय देते हुए स्थिति का धैर्य, समझदारी और सकारात्मक सोच के साथ सामना किया। संगठन के सदस्यों ने यह साबित कर दिया कि JITO की प्रतिष्ठा और सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है तथा किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में वे संगठन के मूल्यों की रक्षा करना जानते हैं।

अंततः स्थिति सामान्य हो गई और सभी प्रतिभागी सुरक्षित वापस लौट आए। ऐसे में पुरानी कहावत 'अंत भला तो सब भला' इस पूरे घटनाक्रम पर सटीक बैठती नजर आती है। अब प्रतिभागी उस अप्रिय घटना को पीछे छोड़कर जापान यात्रा की खूबसूरत यादों, सांस्कृतिक अनुभवों और आनंददायक पलों को याद कर खुशी महसूस कर रहे हैं।





टूर से वापिस आइ धन्ना सेठ परिवार की महिलाओं ने यूटर्न टाइम से बातचित करते हुए जापान टूर की अच्छी यादों को साँझा किया। जिसमें टोक्यो, क्योटो और ओसाका की समृद्ध संस्कृति, आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों का करीब से अनुभव किया। पूरे भ्रमण के दौरान सभी यात्री स्वस्थ, सुरक्षित और उत्साहित रहे, जिससे यात्रा का आनंद कई गुना बढ़ गया।

यात्रा के दौरान सभी यात्रियों के लिए शुद्ध शाकाहारी भोजन की विशेष व्यवस्था रही ! विदेश में भी घर जैसा स्वाद और अपनापन मिलने से सभी यात्रियों ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। प्रतिभागियों ने जापान की अनुशासनप्रियता, स्वच्छता, तकनीकी विकास और सांस्कृतिक मूल्यों की सराहना करते हुए इसे जीवन का यादगार अनुभव बताया।

इस पूरे टूर का सफल संचालन JITO की चेयरपर्सन मंजू ओसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं चीफ सेक्रेटरी अमिता जैन और ट्रेजरर प्रांजल जैन ने यात्रा की योजना, प्रबंधन और व्यवस्थाओं को अत्यंत समर्पण, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया। उनकी कुशल कार्यशैली के कारण सभी यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और सभी ने सुरक्षित व आनंददायक अनुभव प्राप्त किया। यात्रा के समापन पर JITO परिवार ने सभी 37 यात्रियों का आभार व्यक्त किया। संगठन ने कहा कि यात्रियों के सहयोग, अनुशासन, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण ने इस भ्रमण को ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। प्रतिभागियों के विश्वास और समर्थन ने JITO के चौथे अंतरराष्ट्रीय दौरे को संगठन के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय के रूप में स्थापित कर दिया है। JITO पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी इसी उत्साह, आपसी प्रेम और पारिवारिक भावना के साथ नई-नई अंतरराष्ट्रीय यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खक्ळड केवल एक संगठन नहीं बल्कि एक परिवार है, और जापान यात्रा ने एक बार फिर इस भावना को मजबूती से सिद्ध कर दिया है।

# मनीमाजरा बस स्टैंड पर पंखों की कमी पर उठा सवाल, यात्रियों को गर्मी से राहत देने की मांग

## राजबीर सिंह भारतीय बोले विज्ञापनों से आय हो सकती है तो यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। मनीमाजरा स्थित सिविल अस्पताल और फन रिपब्लिक थिएटर के निकट बने बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पंखों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर स्थानीय सामाजिक संगठनों ने प्रशासन के समक्ष चिंता जताई है। मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय और चेयरमैन सुभाष धीमान ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच बस स्टैंड पर प्रतिदिन हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि यह बस स्टैंड मनीमाजरा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रमुख



सार्वजनिक परिवहन केंद्र है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री शहर के विभिन्न हिस्सों, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और पंचकूला, मोहाली, डेराबस्सी व पिंजौर जैसे क्षेत्रों के लिए सफर करते हैं।

दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि इन दिनों तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, लेकिन बस स्टैंड के शेड के नीचे यात्रियों को राहत देने के लिए पंखों की व्यवस्था नहीं है। इससे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, विद्यार्थी, कर्मचारी और अस्पतालों में जाने वाले मरीज गर्मी में लंबे समय तक बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि बस स्टैंड के आसपास लगे विज्ञापन बोर्डों से राजस्व अर्जित किया जा रहा है, ऐसे में यात्रियों के लिए पंखे और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले लोगों को सम्मानजनक और सुविधाजनक सेवाएं मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) और नगर निगम से मांग की कि बस स्टैंड पर पर्याप्त संख्या में पंखे लगाए जाएं, ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जाए और यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बस स्टैंड का उपयोग करने वाले यात्रियों ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में बसों की प्रतीक्षा करना बेहद कठिन हो जाता है और कई बार बसों के देरी से आने के कारण परेशानी और बढ़ जाती है। यात्रियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द इस समस्या का समाधान करेगा ताकि लोगों को गर्मी से राहत मिल सके।

# 15 जून से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

## 14 जुलाई तक चलेगा एन्यूमरेशन चरण, मतदाताओं से फॉर्म भरकर जमा कराने की अपील

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। यूटी चंडीगढ़ की मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेरणा पुरी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का एन्यूमरेशन चरण 15 जून से शुरू होकर 14 जुलाई 2026 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ में वर्तमान में 5,16,427 मतदाता पंजीकृत हैं। सभी एन्यूमरेशन फॉर्म डाउनलोड और प्रिंट कर वितरण के लिए तैयार कर लिए गए हैं। पुनरीक्षण प्रक्रिया के लिए निर्वाचन अधिकारियों, सहायक निर्वाचन अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों , बूथ लेवल एजेंटों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन



अधिकारी ने बताया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित करेंगे और उन्हें भरने में आवश्यक सहायता भी प्रदान करेंगे। प्रत्येक मतदाता को फॉर्म की दो प्रतियां दी जाएंगी। यदि किसी घर पर ताला मिला तो बीएलओ फॉर्म छोड़कर जाएंगे और उसे प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तिथियों पर कम से कम तीन बार पुनः दौरा करेंगे। मतदाता भरे हुए फॉर्म अपने बीएलओ को जमा कर सकते हैं या फिर ईसीनेट मोबाइल ऐप और वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन जमा किए गए फॉर्म का सत्यापन संबंधित बीएलओ द्वारा किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं से वर्ष 2002-03 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित मैपिंग विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यदि यह विवरण उपलब्ध नहीं है तो वे अपने माता-पिता या दादा-दादी के नामों का विवरण भी दे सकते हैं। हालांकि, मैपिंग विवरण उपलब्ध न होने पर भी फॉर्म स्वीकार किया जाएगा और ऐसे मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जिन पात्र निवासियों का नाम वर्तमान मतदाता सूची में नहीं है, वे निर्धारित घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 जमा कर सकते हैं। इन आवेदनों पर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे और आपत्तियों की अवधि में विचार किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, शैक्षणिक संस्थानों और आम नागरिकों से पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग की अपील की है, ताकि मतदाता सूची को पूर्ण, सटीक और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

# केंद्र कर्मचारी यूनियन ने किसान यूनियन लखोवाल और एटक का जताया आभार



डेराबस्सी/यूटर्न/11 जून। सेवा केंद्र मुलाजिम यूनियन पंजाब की जिला मोहाली इकाई ने अपने चल रहे संघर्ष के दौरान सहयोग और समर्थन देने के लिए भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) और एटक (AITUC) का विशेष रूप से धन्यवाद किया। यूनियन के जिला प्रधान कुलविंदर सिंह ने दप्पर स्थित भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) के कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

कुलविंदर सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के संघर्ष के दौरान किसान यूनियन और एटक द्वारा लगातार दिया गया समर्थन उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और कर्मचारियों की एकजुटता तथा भाईचारा ही संघर्षों को मजबूती प्रदान करता है और अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (लखोवाल) के प्रदेश उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला, पंजाब एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, ब्लॉक प्रधान डेराबस्सी जगतार सिंह झरमड़ी समेत हरी सिंह बोहड़ा, गुरपाल सिंह दप्पर, हरपाल सिंह चोंदेहेड़ी, परमजीत सिंह, साब सिंह, धर्म सिंह दप्पर, गुलाब सिंह बैर माजरा, हरनाम सिंह बाकरपुर और कमलजीत सिंह इब्राहिमपुर सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। कुलविंदर सिंह ने कहा कि भविष्य में भी कर्मचारी और किसान संगठन जनहित व कर्मचारियों के अधिकारों के लिए मिलकर संघर्ष जारी रखेंगे।

# शिरोमणि अकाली दल अमृतसर का फगवाड़ा की दाना मंडी में 13 जून को होगा बेगमपुरा पंथक इकठ

शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/11 जून। शिरोमणि अकाली दल अमृतसर द्वारा जय भीम टीम पंजाब के सहयोग से फगवाड़ा की दाना मंडी में 13 जून को आयोजित किए जा रहे बेगमपुरा पंथक इकठ के सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। यह जानकारी दल के मुख्य प्रवक्ता एवं दोआबा जोन के इंचार्ज डा. हरजिंदर सिंह जक्खू ने दी है। उन्होंने बताया कि बेगमपुरा पंथक इकठ को संबोधित करने के लिए सरदार सिमरनजीत सिंह मान, कार्यकारी प्रधान सरदार इमान सिंह मान के अलावा शिरोमणि अकाली दल अमृतसर



की समूची टीम तथा जय भीम टीम पंजाब के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा तथा सरदार सिमरनजीत सिंह मान बेगमपुरा पंथक खालसा लहर का आगाज करेंगे। डा. जक्खू ने संगत से अपील करते हुए कहा कि शिरोमणि अकाली दल अमृतसर द्वारा जय भीम टीम पंजाब के सहयोग से 13 जून को आयोजित किए जा रहे बेगमपुरा पंथक इकठ में भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया जाए।

# पंजाब में प्री-मानसून की शुरूआत, लुधियाना में ओले गिरे, 10 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

पंजाब/यूटर्न/11 जून। पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया है। मोहाली में वीरवार सुबह तेज आंधी के बाद हल्की बारिश हुई, जबकि लुधियाना में आंधी के साथ ओले भी गिरे। खन्ना में आकाशीय बिजली गिरने से करीब 150 साल पुराना एक पेड़ टूटकर कई मकानों पर गिर पड़ा, जिससे घरों की छतों और दीवारों को नुकसान पहुंचा। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर के चलते आज (11 जून) से पूरे पंजाब में प्री-मानसून की बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बुधवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में केवल 0.1 डिग्री की कमी दर्ज की गई। इसके बावजूद तापमान सामान्य



से 4.4 डिग्री अधिक बना हुआ है। बठिंडा में 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक रहा।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने के कारण अगले तीन दिनों तक कई इलाकों में तेज आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, होशियारपुर, शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर), कपूरथला, जालंधर और फतेहगढ़ साहिब समेत 10 जिलों में ओले गिरने की आशंका जताई है।

### बिजली की मांग बढ़ी

*गर्मी की वजह से बुधवार को भी बिजली की मांग अधिक बनी रही। बिजली की मांग रात आठ बजे 14,364 मेगावाट थी, जो दिन में 14,500 मेगावाट से ऊपर पहुंच गई थी। आज विभाग 5,300 मेगावाट बिजली पैदा कर रहा था, जबकि केंद्र से करीब 2,800 मेगावाट बिजली खरीदी गई। इस वजह से दिन में कई शहरों में कट भी लगे।*

# रायपुररानी में अवैध खनन पर पंचकुला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



पंचकुला/यूटर्न/11 जून। पंचकुला में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत उपायुक्त सतपाल शर्मा ने गुरुवार को रायपुररानी तहसील के शाहजापुर गांव में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान करीब पांच एकड़ भूमि पर अवैध खनन गतिविधियों का खुलासा हुआ, जिस पर उपायुक्त ने गंभीर रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

उपायुक्त के निर्देश पर की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि पर नियमों का उल्लंघन करते हुए लगभग 20 से 25 फीट गहरी खुदाई की गई थी। जांच में यह भी पाया गया कि वहां से बजरी और अन्य खनिजों का अवैध रूप से खनन किया गया। साक्ष्यों से यह भी संकेत मिले कि अवैध खनन को छिपाने के उद्देश्य से खुदाई वाले क्षेत्र को बाद में भरने का प्रयास किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित भूमि मालिक को नोटिस जारी कर यह स्पष्ट करने के निर्देश दिए कि उसकी भूमि पर किस अनुमति के तहत खनन गतिविधियां संचालित की गईं।

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही, चूक या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर बरवाला के तहसीलदार संजीव अत्री भी उपस्थित रहे।

# सीनियर वूमेन क्रिकेट में लगातार तीसरी जीत के साथ होशियारपुर ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश: डा. रमन घई

## जिला रोपड़ टीम को 5 विकेट से हराकर अर्जित किए 4 अंक

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर /यूटर्न/11 जून। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट में होशियारपुर की टीम ने जिला रोपड़ की टीम को 5 विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत अर्जित करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि 50-50 ओवरों के इस मैच में रोपड़ टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। होशियारपुर की शानदार गेंदबाजी के आगे रोपड़ की टीम 27.4 ओवरों में केवल 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें चहलप्रीत कौर ने 21 रन व ऐशमीन कौर ने 12 रनों का योगदान दिया। होशियारपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते



हुए अंजलि सीमर व मनरीत ओलख ने 2-2 विकेट तथा वंशिका, ध्रुविका सेठ व संजना ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया। 50 ओवरों में जीत के लिए 70 रनो का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी होशियारपुर की टीम ने शिवानी के नवाद 30 रनों की बदौलत 18.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाकर 5 विकेट से यह मैच जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। डा. घई ने बताया कि शिवानी के अलावा होशियारपुर की ओर से निरंका ने 10 तथा अन्नया ठाकुर ने नवाद 11 रन का योगदान दिया। रोपड़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरलीन कौर ने 3 तथा गुनीत कौर ने होशियारपुर के 2 खिलाड़ियों को आउट किया।

# अकाली दल को बड़ा झटका: पूर्व प्रत्याशियों और कई दिग्गज नेताओं ने थामा 'वारिस पंजाब' का दामन

## जमीनी स्तर पर बढ़ रहा है 'वारिस पंजाब' का प्रभाव, भाई तरसेम सिंह खालसा की मौजूदगी में 25 से अधिक नेताओं ने पार्टी ज्वाइन की

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/जून। पंजाब की राजनीति में 'वारिस पंजाब' का ग्राफ तेजी से ऊपर जा रहा है। इसी कड़ी में आज जगरांव में एक बड़े राजनीतिक फेरबदल के तहत शिरोमणि अकाली दल (बादल) को उस समय तगड़ा झटका लगा, जब पार्टी के टिकट पर नगर परिषद का चुनाव लड़ चुके चार प्रमुख प्रत्याशियों सहित करीब 25 नेताओं और समाजसेवियों ने अकाली दल छोड़कर 'वारिस पंजाब' का दामन थाम लिया।

इस भव्य समारोह में भाई अमृतपाल सिंह (सांसद) के पिता और पार्टी के कार्यकारी प्रधान भाई तरसेम सिंह खालसा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए सभी नए साथियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।



### नशा और गैंगस्टरी पंजाब की जड़ें खोद रहे हैं-भाई तरसेम सिंह खालसा

संबोधन के दौरान भाई तरसेम सिंह खालसा ने प्रदेश की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, श्पंजाब गुरुओं-पीरों की पावन धरती है, लेकिन आज कुछ स्वार्थी लोगों ने इसे चिट्टे (नशे) की आग में झोंक दिया है। सत्ताधारी 'आप' सरकार के वादे केवल हवाहवाई साबित हुए हैं। आज प्रदेश में गैंगस्टरी का बोलबाला है, जो हमारी जवानी को खत्म कर रहा है। अब समय आ गया है कि जनता जागे और 2027 में 'वारिस पंजाब' की सरकार बनाकर भाई अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में पंजाब को फिर से महाराजा रणजीत सिंह जैसा वैभवशाली शासन दे।

### विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने दी बधाई

एक जरूरी बैठक के कारण चंडीगढ़ में मौजूद विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने फोन के जरिए नए शामिल हुए साथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जगरांव में 'वारिस पंजाब' का झंडा बुलंद हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों में जगरांव से एक बेहद समझदार उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा और यह सीट पार्टी की झोली में डाली जाएगी।

**इन प्रमुख हस्तियों ने थामा 'वारिस पंजाब' का हाथ**

**आज पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से शामिल हैं :** जसवीर सिंह (प्रधान, एससी विंग, जगरांव), जस्टप्रीत सिंह ढिल्लों, महावीर सिंह (पूर्व अकाली प्रत्याशी), दीपक कुमार भंडारी (प्रधान, मोटरसाइकिल रिपेयर यूनियन), गुरमुख सिंह, गुरमीत सिंह कोठी वाले, शमशेर सिंह (बीकेयू), गुरप्रीत सिंह राजा (प्रधान, दशमेश ऑटो यूनियन), अवतार सिंह लड्डू चौधरी, जगदीप सिंह ग्रेवाल (मेंबर पंचायत), चरनजीत कौर बरसाल, सोमन गुप्ता और समाज सेवी बलवीर सिंह बाठ सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता परमजीत सिंह जोहल, राजीव कुमार लवली (हलका इंचार्ज), हनी सिंगला, मलकीत सिंह बल्ल, हरभजन सिंह इयाली सहित पार्टी की जिला लुधियाना देहाती की पूरी टीम और विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस राजनीतिक घटनाक्रम को आप अपने मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से प्रकाशित कर सकते हैं। क्या आप चाहते हैं कि मैं इस खबर के लिए सोशल मीडिया (फेसबुक/इंस्टाग्राम) पर डालने हेतु कोई आकर्षक पोस्ट ड्राफ्ट कर दूँ?

# एलांते मॉल में आयोजित हुआ 'ओए भोले ओए 2' का ग्रैंड प्रीमियर – धरती हमारी माँ– जगजीत संधू



चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। पंजाबी फिल्म 'ओए भोले ओए 2' का भव्य प्रीमियर गुरुवार को एलांते मॉल, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फिल्म की पूरी स्टारकास्ट ने मीडिया, फिल्म जगत की हस्तियों और प्रशंसकों के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। यह बहुप्रतीक्षित पंजाबी कॉमेडी फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में जगजीत संधू मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और खास बात यह है कि वह पहली बार निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। फिल्म का निर्देशन जगजीत संधू और केवी ढिल्लों ने संयुक्त रूप से किया है।

प्रीमियर कार्यक्रम में फिल्म की स्टारकास्ट जगजीत संधू, सौम्या, धीरज कुमार, प्रदीप चीमा, संजी सोलंकी, अमृत एम्बी, इक्तार सिंह, जस ढिल्लों, प्रकाश गांधी और जरनैल सिंह सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे। कलाकारों ने प्रशंसकों से मुलाकात की और फिल्म से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

फिल्म की कहानी जमीन, पारिवारिक रिश्तों और हास्य से भरपूर ड्रामा पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि भोला अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए संघर्ष करता है, जबकि उसे करोड़ों रुपये का ऑफर दिया जाता है। फिल्म में कॉमेडी के साथ भावनात्मक और पारिवारिक पहलुओं को भी प्रमुखता से दर्शाया गया है।

प्रीमियर के दौरान कलाकारों ने कहा कि दर्शकों को इस बार पहले से कहीं अधिक मनोरंजन, हास्य और दमदार कहानी देखने को मिलेगी। फिल्म की टीम ने मीडिया से बातचीत करते हुए विश्वास जताया कि 'ओए भोले ओए 2' दर्शकों का भरपूर प्यार हासिल करेगी और पंजाबी सिनेमा में एक नई सफलता की कहानी लिखेगी।

# आतंकवाद की चुनौती पर जीत के बाद अब नशा और साइबर क्राइम सबसे बड़ी चुनौती: डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। चंडीगढ़ के डीजीपी सागर प्रीत ने कहा है कि शहर ने पहले आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौती का सामना किया था, जिस पर चंडीगढ़ पुलिस ने सफलतापूर्वक काबू पाया। हालांकि वर्तमान समय में नशा तस्करी और साइबर अपराध पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में उभर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) एक ऐसी तकनीक है जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं। साइबर अपराधों में नई तकनीकों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए पुलिस अपने स्टाफ को लगातार प्रशिक्षित कर रही है। साइबर पुलिस के साथ-साथ थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे आधुनिक अपराधों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस की प्रशिक्षण सुविधाओं का लाभ पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी दिया जा रहा है और उन्हें भी साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि चंडीगढ़ देश का एक महत्वपूर्ण शहर है, जहां वीआईपी और वीवीआईपी दौरों का सिलसिला लगातार बना रहता है। ऐसे आयोजनों और सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पुलिस हर समय पूरी तरह तैयार रहती है। शहर में होने वाले प्रदर्शनों और धरनों को लेकर डीजीपी ने कहा कि बड़े संगठनों और प्रदर्शनकारियों के साथ पहले से संवाद स्थापित किया जाता है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन के संबंध में उन्होंने कहा कि इसको लेकर समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इसके अलावा हाल के दिनों में पुलिस ने कई गैरकानूनी हथियार भी बरामद किए हैं, जो अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियानों की सफलता को दर्शाता है। डीजीपी ने चेतावनी दी कि आने वाले समय में साइबर अपराधों के मामलों में और बढ़ोतरी हो सकती है। इसे देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस तकनीकी संसाधनों को मजबूत करने और अपने जवानों को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

# सुखना चोए वन क्षेत्र में बनेगा सिटी फॉरेस्ट, राज्यपाल ने परियोजना की समीक्षा की




चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सुखना चोए वन क्षेत्र में प्रस्तावित सिटी फॉरेस्ट परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए परियोजना को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक प्रताप सिंह, गृह सचिव-सह-सचिव (वन) मनदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव दीपरवा लाकड़ा सहित वन, पर्यटन, इंजीनियरिंग और शहरी नियोजन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन के अनुसार प्रस्तावित सिटी फॉरेस्ट को पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति आधारित शिक्षा और सतत इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से लोगों को वन, वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। समीक्षा बैठक के दौरान राज्यपाल ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट को प्रकृति शिक्षा और पर्यावरणीय जागरूकता का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को मजबूत करेगी तथा जिम्मेदार इको-टूरिज्म को बढ़ावा देगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परियोजना में पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए ताकि वन क्षेत्र के प्राकृतिक स्वरूप और पारिस्थितिकी तंत्र पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। परियोजना के तहत नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर, ओपन एयर थिएटर, ध्यान एवं वर्षा आश्रय शेड, बर्ड वॉचिंग जोन, स्टार ऑब्जर्वेशन डेक, बांस से निर्मित कैनोपी वॉक, साइकिल ट्रैक, नेचर ट्रेल्स और अन्य आगंतुक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। राज्यपाल ने परियोजना की रूपरेखा तैयार करने में वन विभाग, शहरी नियोजन विभाग और इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

# चंडीगढ़ भाजपा युवा मोर्चा में प्रवक्ता नियुक्त होने पर बंगिया ने जताया आभार

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा चंडीगढ़ से प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर युवा नेता विनायक बंगिया ने पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। विनायक ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष श्री जतिंदर पाल मल्होत्रा जी, चंडीगढ़ युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री अभय कुमार झा जी, युवा मोर्चा प्रभारी श्री रमेश साहोरे जी, युवा मोर्चा महामंत्री श्रीमती प्रिया पासवान जी, युवा मोर्चा महामंत्री श्री वरिंदर राणा जी का विशेष रूप से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। विनायक भांगिया पिछले एक दशक से चंडीगढ़ की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। युवा अवस्था से ही सामाजिक



और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने शहर के विकास, समाज सेवा और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर निरंतर कार्य किया है। उन्होंने विशेष रूप से धार्मिक कार्यक्रमों, नगर निगम से जुड़े सामाजिक कार्यक्रमों, मार्केट वेलफेयर गतिविधियों तथा चंडीगढ़ पुलिस के साथ आयोजित सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और युवाओं के बीच उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें संगठन में एक अलग पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि वह चंडीगढ़ के विकास, युवाओं की आवाज, जनहित के मुद्दों और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों को पूरी मजबूती और प्रभावी तरीके से उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से वह पार्टी की विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# बहबलकलां गोलीकांड में सुखबीर बादल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, पूर्व जत्थेदार ने एसआईटी को दर्ज कराए बयान





पंजाब/यूटर्न/11 जून। फरीदकोट के बहबलकलां गोलीकांड मामले में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम के समक्ष श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने वीरवार को अपना बयान दर्ज करवाया है, जिसमें उन्होंने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। ज्ञानी रघुबीर सिंह ने दावा किया कि श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेशी के दौरान सुखबीर सिंह बादल ने बहिबल गोलीकांड से संबंधित अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की थी। उन्होंने कहा कि यह कबूलनामा श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष सार्वजनिक रूप से हुआ था और इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई थी, जो वर्तमान में अकाल तख्त के रिकॉर्ड में सुरक्षित मौजूद है। जत्थेदार ने अपने बयान में कहा कि बहबल कलां में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे निहत्थे और बेगुनाह लोगों पर साजिश के तहत गोलियां चलवाई गई थीं। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे सिख समुदाय की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई थी और इस मामले में सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी अब ज्ञानी रघबीर सिंह द्वारा दिए गए बयान और श्री अकाल तख्त में मौजूद वीडियो रिकॉर्डिंग सहित अन्य साक्ष्यों की जांच कर सकती है। यदि जांच में इन दावों की पुष्टि होती है तो सुखबीर सिंह बादल के लिए कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

### झूठ बोल रहे रघबीर सिंह - सुखबीर

*इस मामले में सुखबीर सिंह बादल ने पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह पर झूठ बोलने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार और श्री दरबार साहिब के पूर्व हेड ग्रंथी रहे ज्ञानी रघबीर सिंह द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब की मर्यादा को भंग किया जा रहा है। इन दिनों वह आम आदमी पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष पेश होते हुए उन्होंने अपनी सरकार के समय हुई गलतियों की नैतिक जिम्मेदारी बतौर पार्टी प्रधान अपनी झोली में डाली थी। यदि सरकार की मंशा ज्ञानी रघबीर सिंह के बयान दर्ज कर उन्हें इस केस में नामजद करने की है, तो वह ऐसी धमकियों से नहीं डरते।*

# सामान लेने गई बच्ची को नोच-नोचकर खा गए अवारा कुत्ते, अस्पताल पहुंचने पर हुई मौत



पंजाब/यूटर्न/11 जून। रूपनगर के मोरिंडा में 8 साल की बच्ची को कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। बच्ची दोपहर में अपने घर से पास के बाजार में दूध खरीदने के लिए निकली थी। कुत्तों को देखकर घबराई और अपनी जान बचाने के लिए घर की ओर भागी, लेकिन झुंड ने उसका पीछा किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि बच्ची जान बचाने के लिए चिल्ला रही थी। आखिर में जब तक लोग पहुंचे तब वह गंभीर रूप में घायल हो चुकी थी। उसे पीजीआई ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची की मौत के बाद उसकी मां बेसुध हो गई। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची सुनसान रास्ते पर अकेले जाते हुए दिखाई दे रही है। वह थोड़ी दूर जाती है। कुछ देर बाद वह वापस उसी ओर भागते हुए नजर आती है। उसके पीछे 5 से 6 कुत्तों का झुंड होता है।

### कुत्तों ने लड़की को जमीन पर गिरा दिया

कुत्ते बच्ची पर झपटा मारकर उसे गिरा देते हैं। सीसीटीवी में कुत्ते काफी देर तक बच्ची को नोचते हुए देखे जा सकते हैं। कुत्ते बच्ची को खींचते हुए आगे ले आते हैं। बच्ची दर्द से चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आसपास सन्नाटा होने के कारण काफी देर तक कोई उसकी मदद के लिए नहीं पहुंच सका। कुछ देर बाद वहां एक महिला आती हुई दिखाई देती है। उन्होंने कुत्तों को भगाकर उसे गंभीर हालत में बचाया और उपचार के लिए मोरिंडा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से हालत नाजुक होने के कारण उसे तुरंत चंडीगढ़ स्थित पीजीआई रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

## बीच लुक में छाईं प्रियंका, फैन्स बोले- गॉर्जियस!




*बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी पहचान बना चुकी प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में उनकी ग्लैमरस तस्वीरों ने प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। फैन्स उनके स्टाइल और फिटनेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री के आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स को लेकर भी मनोरंजन जगत में चर्चाओं का दौर जारी है।*

# सैनी भवन खाली न होने पर भड़का सैनी समाज, आंदोलन की चेतावनी



डेराबस्सी/यूटर्न/11 जून। डेराबस्सी में नगर परिषद कार्यालय के पिछले करीब पांच वर्षों से सैनी भवन में संचालित होने को लेकर सैनी समाज में नाराजगी बढ़ गई है। गुरुवार को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी से मुलाकात कर नगर परिषद कार्यालय को जल्द अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग उठाई। बैठक के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कांग्रेस सरकार के अंतिम कार्यकाल में पुराने नगर परिषद कार्यालय को तोड़कर नई इमारत बनाने की योजना के तहत परिषद कार्यालय को अस्थायी रूप से बरवाला रोड स्थित सैनी भवन में स्थानांतरित किया गया था। लेकिन करीब पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद नया कार्यालय भवन तैयार नहीं हो सका है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर परिषद के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन होने के बावजूद नई इमारत के निर्माण में हो रही देरी समझ से परे है। उन्होंने आरोप लगाया कि सैनी भवन में नगर परिषद कार्यालय चलने के कारण समाज को सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाज के उपयोग के लिए बनाए गए भवन का लंबे समय से सरकारी कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैनी ने प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द सैनी भवन खाली कराकर नगर परिषद कार्यालय को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया तो सैनी समाज व्यापक आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैनी, मलकीत सैनी (एमसी, लालड़ू), सुनील सैनी, बरखा सैनी, राजेश सैनी, दयाल सैनी, एम.पी. सैनी, विपिन सैनी, बलबीर सैनी, हरी राम सैनी तथा भूपिंदर सैनी (जीरकपुर) सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओमान तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जून। शिपिंग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने बताया कि ओमान तट के पास इस हफ्ते की शुरूआत में अमेरिकी सेना के हमले का शिकार हुए एक जहाज पर सवार तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है, जिनके पहले लापता होने की खबर थी। इसे एक दुखद नुकसान बताते हुए मंत्री ने कहा कि तीनों लापता नाविकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर सेटेबेलो पर कुल 28 क्रू मेंबर थे, जिनमें 24 भारतीय और चार विदेशी नागरिक (दो पाकिस्तानी, एक यूक्रेनी और एक रूसी) शामिल थे। यह जहाज ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना के हमले की चपेट में आ गया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने जहाज पर तब हमला किया जब कथित तौर पर उसने निर्देशों का पालन नहीं किया और ईरान से तेल ले जा रहा था।



## पहले बचाव की आई खबरें

शुरूआत में खबर आई थी कि जहाज से 21 भारतीय नाविकों को बचा लिया गया है, जबकि तीन नाविक - जिनकी पहचान डेक कैडेट आदित्य शर्मा, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और चीफ इंजीनियर पटनाला सुरेश के तौर पर हुई थी, लापता थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पलाऊ के झंडे वाले एमटी सेटेबेलो पर हुई दुखद घटना के बारे में जानना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दुख की बात है कि शुरूआत में लापता बताए गए तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हो गई है, क्योंकि उनके शव मिल गए हैं और उनकी पहचान कर ली गई है। उन्होंने आगे कहा, यह हमारे समुद्री परिवार के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है।

## टैंकर पर गोलीबारी की

- कमांड ने बताया कि ओमान की खाड़ी में उनके एक लड़ाकू विमान ने टैंकर पर गोलीबारी की और उसे बेकार कर दिया, क्योंकि वह ईरान से तेल ले जाने की कोशिश कर रहा था। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में पलाऊ के झंडे वाले जहाज सेटेबेलो की पहचान करते हुए कहा कि इसके क्रू ने अमेरिकी सेना के निर्देशों का पालन करने में बार-बार नाकामी दिखाई।

## भारत ने जताया विरोध

- भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत ने इस हमले को लेकर कड़ा विरोध जताने के लिए नई दिल्ली में वॉशिंगटन के चार्ज डी'अफेयर्स (राजनयिक प्रतिनिधि) को तलब किया। खाड़ी में मौजूद होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया भर में ईंधन की सप्लाई के लिए एक अहम रास्ता है। मध्य पूर्व में युद्ध शुरू होने के बाद से यह रास्ता लगभग पूरी तरह से बंद है।

## भारत ने हमले की निंदा की

जहाज की मैनेजमेंट कंपनी को जहाज पर मौजूद बाकी नाविकों के साथ स्थिर नेटवर्क कनेक्शन बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ये मौतें तब हुई जब अमेरिकी सेंट्रल कमांड की सेनाओं ने ईरानी तेल पर चल रही नाकेबंदी का कथित तौर पर उल्लंघन करने के कारण ओमान तट के पास तेल टैंकर पर सटीक निशाना साधने वाले हथियारों (प्रिसिजन म्यूनिशन) से हमला किया। भारत ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि जब जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को पार करने की कोशिश कर रहा था, तो 24 भारतीय अमेरिकी नौसेना के हमले की चपेट में आ गए।

# हिमाचल की रेव पार्टी पर पुलिस की रेड, जंगल से केरल और पंजाब के 2 युवक अरेस्ट, नशा बरामद



कुल्लू/यूटर्न/11 जून। कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी स्थित पर्यटन नगरी कसोल में चल रही एक कथित रेव पार्टी पर कुल्लू पुलिस ने आधी रात को रेड की। इस दौरान 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा कसोल क्षेत्र में आयोजित हो रही कथित रेव पार्टियों का कड़ा संज्ञान लेने के बाद की गई है। न्यायाधीश रोमेश वर्मा के निर्देशों के तहत, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) को दस दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में अपनी निगरानी बढ़ा दी थी। पुलिस को कसोल के जंगल क्षेत्र में आयोजित एक पार्टी में नशे के सेवन और तस्करी की सूचना मिली थी। जांच के दौरान, दो युवकों के कब्जे से विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ बरामद हुए। दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## आरोपियों से नशा हुआ बरामद

*गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केरल के एनार्कुलम निवासी राहुल साई (33) और पंजाब के खरड़, जिला एसएएस नगर (मोहाली) निवासी चिराग भाटिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राहुल साई से 0.96 ग्राम कोकीन बरामद हुई, जबकि चिराग भाटिया से 2 एक्स्टेसी गोलियां, पांच हिस्सों वाली एलएसडी पेपर स्ट्रिप, 1.31 ग्राम कोकीन और 2.7 ग्राम चरस मिली है। बरामद नशीले पदार्थों को कब्जे में लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।*

# साइबर ठगों पर पंचकुला पुलिस की सख्ती, शिकायतों के त्वरित निपटारे के निर्देश

## डीसीपी अमरिंदर सिंह ने साइबर अपराध पर कसा शिकंजा



पंचकूला/यूटर्न/11 जून। पंचकूला पुलिस आयुक्त कार्यालय में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह की अध्यक्षता में साइबर अपराधों की रोकथाम, लंबित शिकायतों के त्वरित निपटान और पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह सहित विभिन्न जांच अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने स्पष्ट और कड़ा संदेश देते हुए सभी जांच अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जांच में किसी भी स्तर की लापरवाही या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा और हर मामले में जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों की समीक्षा की जिनमें पीड़ितों की रकम बैंक खातों में होल्ड करवाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया एवं सुपरदारी के माध्यम से पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई जल्द से जल्द वापस दिलवाई जाए, ताकि उन्हें आर्थिक और मानसिक राहत मिल सके। पुराने और लंबित मामलों के प्रभावी निस्तारण के लिए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने एक विशेष कार्ययोजना की घोषणा भी की। उन्होंने बताया समर्पित विशेष टीम गठित की गई है, जो कि हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी संदिग्ध ठिकानों पर कार्रवाई और छापेमारी कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा वे स्वयं प्रत्येक सप्ताह करेंगे ताकि कार्रवाई की गति बनी रहे और परिणाम समयबद्ध रूप से सामने आएं।

# दर्दनाक सड़क हादसाः अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/11/जून। रायकोट के बरनाला रोड पर बीती रात एक भीषण सड़क हादसे मे एक अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर पर सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**क्या है मामला ?...**शिकायतकर्ता हरतेज सिंह (निवासी गाँव अकलीयाँ जाला, मानसा) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उनका भाई गुरतेज सिंह, अपने साथी नवदीप सिंह के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर मल्लापुर से अपने गाँव वापस लौट रहे थे। ट्रैक्टर पर नवदीप सिंह और उनका भाई गुरतेज सिंह पीछे बैठे थे।

रात करीब 11:00 बजे जब वे बरनाला चौक से थोड़ा आगे पहुंचे, तो पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने लापरवाही से उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर पर सवार गुरतेज सिंह और नवदीप सिंह सड़क पर गिर गए। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

**अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित किया...**हादसे के तुरंत बाद, घायलों को बरनाला के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहाँ डॉक्टरों ने गुरतेज सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल नवदीप सिंह की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लुधियाना रेफर कर दिया गया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372